Rapid Fire करेंट अफेयर्स (27 April)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-april-27

- अत्याधुनिक सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिये दिल्ली हाईकोर्ट ने **देश की पहली टेलीप्रजेंस सुविधा** की शुरुआत की है। इससे न्यायिक प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा और न्याय व्यवस्था की गुणवत्ता बढ़ेगी। टेलीप्रजेंस व्यवस्था के ज़रिये एक साथ अलग-अलग जगह पर मौजूद 20 लोगों को एक साथ जोड़ा जा सकता है। यह उन सभी लोगों को आमने-सामने बैठे होने का आभास दिलाएगा। इसके ज़रिये अब **दिल्ली हाईकोर्ट** दूरदराज़ इलाकों की अदालतों के साथ बैठक कर सकेगा। साथ ही दस्तावेज़ों का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आदान-प्रदान भी हो सकेगा। इसका उपयोग आई-फोन, डेस्कटॉप, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल आदि के ज़रिये किया जा सकता है। एक-दूसरे से जुड़ने के लिये ई-मेल के ज़रिये इसका लिंक भेजा जाएगा। इस लिंक को मोबाइल, लैपटॉप या टैबलेट पर कनेक्ट करते ही सभी आपस में जुड़ जाएंगे। इस सुविधा का लाभ पूर्वनियोजित तरीके से भी उठाया जा सकता है। ज़रूरत होने पर तत्काल इस सेवा के ज़रिये अन्य अदालत या व्यक्ति से कनेक्ट किया जा सकेगा।
- देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुज़ुकी इंडिया **ने अगले वर्ष 1 अप्रैल** से डीज़ल कारों की बिक्री बंद करने का फैसला किया है| देश के करीब 51 फीसदी कार मार्केट पर मारुति का कब्जा है। कंपनी ने 2018-19 में करीब 4 लाख **डीज़ल गाड़ियाँ** (कुल घरेलू बिक्री का 23 फीसदी) बेची हैं। कंपनी डीज़ल कारें बनाना इसलिये बंद कर रही है क्योंकि अगले साल से लागू होने वाले BS-VI प्रदूषण मानकों से जुड़ी कारों की निर्माण लागत काफी ज़्यादा है, अर्थात् डीज़ल इंजन को BS-VI नॉर्म्स के मुताबिक अपग्रेड करने में काफी अधिक खर्च आता है। कंपनी ने अपनी कारों में मारुति जेन (ZEN) में सबसे पहले 1998 में डीज़ल इंजन लगाया था। कंपनी 2019 के आखिर तक डीज़ल वेरियंट्स का उत्पादन बंद कर सकती है, क्योंकि अप्रैल 2020 से नए और सख्त BS-VI मानक लागू होने के बाद पुराना/बचा हुआ स्टॉक बेचने की अनुमति नहीं होगी।
- उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता **किम जोंग** उन और रूस के राष्ट्रपति **व्लादिमीर पुतिन** के बीच 25 अप्रैल को पहली बार आमने-सामने वार्ता हुई। इस बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं की यह शिखर वार्ता रूस के बंदरगाह शहर **व्लादिवोस्तक** के एक यूनिवर्सिटी कैंपस में हुई। इस मुलाकात के पीछे उद्देश्य यह माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया के परमाणु मसले का हल निकालने के लिये अमेरिका ही एकमात्र शक्ति नहीं है। ज्ञातव्य है कि पुतिन ने 2002 में किम के पिता और उत्तर कोरिया के तत्कालीन नेता किम जोंग इल के साथ भी शिखर वार्ता की थी। किम जोंग इल ने 2011 में रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव से भी मुलाकात की थी।
- **हाल ही में जारी यूरोपियन** क्लाइमेट फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोप में 14 प्रतिशत उत्सर्जन स्टील, रसायन एवं सीमेंट उद्योग से होता है| इसे **वर्ष 2050 तक शून्य** पर लाने का लक्ष्य रखा गया है| रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले बन चुकी सामग्री को दोबारा इस्तेमाल करने से भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्त्वों के उत्सर्जन को रोका जा सकता है| वर्ष 2050 तक रिसाइकल करके स्टील और प्लास्टिक की 70 प्रतिशत मांग पूरी की जा सकती है| गौरतलब है कि कुछ वर्ष पूर्व यूरोपीय संघ ने सरकारों, उद्योगों, नागरिकों और सभी क्षेत्रों से कहा था कि वर्ष 2050 तक जैव ईंधन के प्रयोग से मुक्त बनने की महत्त्वाकांक्षी योजना का हिस्सा बनें। तब यह भी कहा गया था कि यदि यूरोप अपने मौजूदा लक्ष्य पर

टिका रहा तो वह वर्ष 2050 तक कार्बन उत्सर्जन को केवल 50 प्रतिशत तक ही कम कर पाएगा। यह 2015 पेरिस समझौते के तहत किये गए वादे को पूरा करने के लिये पर्याप्त नहीं है।

- **इंडोनेशिया** ने भारत के साथ अपने राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरा करने के उपलक्ष्य में **रामायण की थीम** पर विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किया। इस डाक टिकट का डिज़ाइन इंडोनेशिया के जाने-माने मूर्तिकार पद्मश्री बपक न्योमन नुआर्ता ने तैयार किया है। इस पर रामायण की वह घटना अंकित है, जिसमें सीता को बचाने के लिये जटायु बहादुरी से लड़ते हुए नज़र आ रहे हैं। भारत-इंडोनेशिया के राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरा होने के अवसर पर दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान 1949 से 2019 तक भारत और इंडोनेशिया के संबंधों से जुड़े ऐतिहासिक पलों को तस्वीरों के माध्यम से दिखाया गया।